अधिप्रमाणित
AUTHENTICATED

(मनोज सिन्हा)
(MANOJ SINHA)
रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री
Minister of State in the Ministry of Railways

## इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड की वर्ष 2014-15 की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखों की समीक्षा

**पृष्ठभूमि**

रेलवे स्टेशनों, रेल गाड़ियों और अन्य स्थानों पर खानपान और अतिथि सत्कार सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें पेशेवर आयाम देने तथा उनका प्रबंधन करने तथा किफायती होटलों के विकास, विशेष टुअर पैकेजों, सूचना एवं वाणिज्यिक प्रचार और वैश्विक आरक्षण प्रणाली के ज़रिए देश के घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु भारतीय रेल के एक विस्तारित अंग के रूप में 27 सितम्बर 1999 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) की स्थापना की गई थी। कम्पनी की अधिकृत शेयर पूंजी 50 करोड़ और प्रदत्त शेयर पूंजी 20 करोड़ रूपए है जो पूरी तरह से रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई है।

**वित्तीय निष्पादन की उपलब्धियां**

**(करोड़ रूपए में)**

| क्र.सं. | विवरण | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 764.93 | 554.11 | 719.69 | 954.70 | 1,141.21 |
| 2 | कुल व्यय | 620.69 | 462.83 | 611.24 | 810.52 | 906.76 |
| 3 | सकल मार्जिन | 144.24 | 91.28 | 108.45 | 144.18 | 234.45 |
| 4 | कर पूर्व लाभ | 129.79 | 76.54 | 92.41 | 127.41 | 214.03 |
| 5 | कर पश्चात लाभ | 60.79 | 48.54 | 58.84 | 72.01 | 130.63 |
| 6 | शुद्ध मूल्य | 211.41 | 246.70 | 291.77 | 346.92 | 444.25 |
| 7. | कर्मचारियों की संख्या | 1934 | 1762 | 1725 | 1672 | 1511 |

**खानपान एवं आतिथ्य सत्कार**

वर्ष 2014-15 में कंपनी को विभागीय खान-पान से हुई 280.83 करोड़ रु. की आमदनी की तुलना में वर्ष 2014-15 के दौरान, कंपनी को 296.42 करोड़ रु. की आमदनी हुई तथा लाईसेंसिंग कैटरिंग व्यवस्था से आमदनी वर्ष 2013-14 के 26.89 करोड़ से बढ़कर 2014-15 में 69.79 करोड़ रु. हो गई।

कम्पनी ने "ई-केटरिंग" के ज़रिए यात्रियों को उनकी सीट/बर्थ पर ही उनकी पसंद का भोजन उपलब्ध कराने का एक नया व्यवसाय शुरू किया है। आईआरसीटीसी, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के डीएमआरसी स्टेशनों पर फूड कियोस्क खोलकर रिटेल व्यापार से भी जुड़ गई है। इस समय आई आर सी टी सी, भारतीय रेलों पर 191 फूड प्लाजा और फास्ट फूड यूनिटें (189 लाइसेंसधारकों द्वारा परिचालित और 2 इकाइयां विभागीय रूप से प्रबंधित हैं) चला रही है। इन यूनिटों से होने वाली वार्षिक आय 31.24 करोड़ रूपए है

वर्ष 2014-15 के दौरान, 32 फूड प्लाजाओं/फास्ट फूड यूनिटों को आईएसओ 22000:2005 से प्रमाणित किया गया। इस प्रकार, मार्च 2015 तक लाइसेंसधारकों द्वारा परिचालित 189 यूनिटों में से कुल 114 यूनिटों को आईएसओ प्रमाणपत्र मिल चुके हैं। वर्ष के दौरान 3 विभागीय गाडियों और 10 गैर खानपान यूनिटों को आईएसओ 22000:2005 प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ और शिकायत प्रबंधन प्रणाली को 10002:2004 प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है।

**इंटरनेट टिकटिंग**

वर्ष 2014-15 के दौरान आईआरसीटीसी की वेबसाइट के ज़रिए प्रतिदिन औसतन 5.01 लाख टिकटें बेची गईं। वर्ष 2014-15 के दौरान 1830.22 लाख टिकट बुक किए गए, जबकि वित्तीय वर्ष 2013-14 में यह संख्या 1579.82 लाख थी।

आईआरसीटीसी द्वारा दृष्टिहीन लोगों को ई-टिकटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए उन्हें उनके मोबाइल नम्बर पर कैपचा के बदले एक बारगी दिया जाने वाला वन टाइम पासवर्ड उपलब्ध कराया गया है जिससे वे लॉग करके अपनी टिकटें बुक करा सकते हैं।

वर्ष के दौरान आईआरसीटीसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए यूनियन बैंक के साथ मिलकर एक "आईआरसीटीसी यूबीआई रूपे प्रीपेड कार्ड" की शुरुआत की है। यह अपनी तरह का बाजार में पहला कार्ड है। जहां दोनों वर्चुअल और भौतिक कार्ड ग्राहकों के लिए जारी किए जा रहे हैं।

**यात्रा और पर्यटन**

यात्रा एवं पर्यटन व्यवसाय से वर्ष 2014-15 में 362.67 करोड़ रूपए की आय हुई, जबकि, वर्ष 2013-14 में 324.14 करोड़ रूपए की आय हुई थी, इस प्रकार इस मद में 11.79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

2014-15 के दौरान आईआरसीटीसी पर्यटन पोर्टल पर कंसीयजर् सेवाएं, तीर्थ यात्री विशेष पर्यटन गाड़ियां और नए पैकेज शुरू किए गए हैं। आईआरसीटीसी देश भर में पूर्ण समावेशी रेल टुअर पैकेज परिचालित करती है, जिसमें यथोचित मूल्यों पर पुष्ट रेल आरक्षण, सड़क मार्ग द्वारा यात्रा, आवास, भोजन और पर्यटन स्थलों की सैर करवाना शामिल है। 2014-15 के दौरान 49,531 यात्रियों ने आईआरसीटीसी टुअर पैकेज का लाभ उठाया।

आईआरसीटीसी ने वर्ष 2012-13 के दौरान, अपनी एयर टिकटिंग माइक्रो साइट शुरू की थी जिसके ज़रिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर घरेलू एवं अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए हवाई टिकटें बुक किए जाने की व्यवस्था की गयी है। एयर टिकटिंग सेगमेंट में आईआरसीटीसी की आमदनी वित्तीय वर्ष 2013-14 के 5.43 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2014-15 में 7.78 करोड़ हो गई है, अर्थात इसमें 43.28% की वृद्धि हो गई है।

महाराजा एक्सप्रेस को वर्ल्ड ट्रेवल अवार्ड में लगातार तीन वर्षों तक अर्थात् 2012, 2013, और 2014 के लिए विश्व की अग्रणी लग्ज़री पर्यटन गाड़ी के रूप में पुरस्कृत किया गया है। यह गाड़ी 5 विभिन्न

यात्रा-क्रमों पर चलायी जाती है। जिनमें से तीन यात्रा-क्रम 7 रात/8 दिन वाले हैं और दो यात्रा-क्रम 3 रात/2 दिन वाले हैं। यह गाड़ी जिन स्थानों से यात्रा के लिए गुजरती है वे हैं- अजन्ता, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, रणथंभौर, आगरा, बालासिनौर, ग्वालियर, ओरछा, खजुराहो, वाराणसी और लखनऊ।

**पीने का बोतलबंद पानी (रेल नीर)**

इस समय आईआरसीटीसी के "रेल नीर" के पांच प्लांट चल रहे हैं जो कि दिल्ली, पटना, पालूर, अम्बरनाथ और अमेठी में हैं, जिनमें से अमेठी का रेल नीर प्लांट निजी सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) योजना के तहत चल रहा है।

वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान रेल नीर ने व्यवसाय के क्षेत्र में 81.03 करोड़ रूाए की आमदनी हुई जबकि 2013-14 के दौरान यह राशि 72.11 करोड़ रूपए थी।

**पुरस्कार/सम्मान**

आईआरसीटीसी के अथक प्रयासों से इस संगठन को अनेक पुरस्कारों एंव सम्मानों से नवाज़ा गया है। कुछ पुरस्कारों की झलक नीचे दर्शायी गई है:-

1. लेज़र एंड ट्रैवल ई-रिटेलर ऑफ द ईयर" कोटि के अन्तर्गत इडियन ई-रिटेल अवार्ड 2015.
2. ग्राहक अनुकूल परिचालनों के लिए वर्ष का लेजेन्ड पी एस यू कोटि के अन्तर्गत न्यू इन्क लेजेन्ड पीएसयू शाइनिंग अवार्ड 2015.
3. आईआरसीटीसी की टूरिज़्म वेबसाइट www.irctctourism.com के लिए वेबसाइट ऑफ द इयर इंडिया अवार्ड (डब्ल्यूओटीवाई 2014).
4. आईआरसीटीसी के सबसे बड़े ई-कॉमर्स पोर्टल www.irctc.co.in के लिए वर्ष 2014 के लिए दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंन्ट जरनल (डीएसआईजे) पी एस यू अवार्ड
5. अगस्त 2014 में चुनाव स्पेशल गाड़ियों में खानपान सेवाओं के प्रबंधन के लिए "इंडियन रेस्टोरेन्ट कॉंग्रेस अवार्ड"।
6. "बेस्ट यूज़ ऑफ मोबाइल ऐप" कोटि के अन्तर्गत आईआरसीटीसी मोबाइल ऐप-आईआरसीटीसी कनेक्ट को मोबिलियन 2015 का पुरस्कार प्रदान किया गया।
7. ट्रस्ट रिसर्च एडवाइज़री (एक कॉमनिशिएन्ट ग्रुप कम्पनी) द्वारा "द ब्रैंड ट्रस्ट रिपोर्ट इंडिया स्टडी 2015" में रेल सेवा प्रदाता की कोटि में सर्वाधिक विश्वसनीय ब्रैंड के रूप में ब्रैंड आईआरसीटीसी को सूचीबद्ध किया गया।
8. ग्राहक उद्योग कोटि में 04.06.2015 को दैनिक भास्कर इण्डिया प्राइड अवार्ड 2014-15 प्रदान किया गया।
9. विश्व की अग्रणी लग्ज़री रेलगाडी के रूप में 'महाराजा एक्सप्रेस' को वल्ड ट्रैवल अवार्ड 2014
10. महाराजा एक्सप्रेस को "सर्वोत्तम लग्ज़री गाड़ी" करार देने के लिए सीएनबीसी -आवाज ट्रैवल अवार्ड 2015- 04.06.2015

*******